UP ATS में नियुक्ति की प्रक्रिया (अराजपत्रित पदाधिकारियों हेतु)

आतंकवाद और नक्सलवाद की चुनौती से निबटने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यूपी एटीएस को मजबूत करने के लिए उसकी जनशक्ति में वृद्धि की गई है। इन पदों पर कुशल पुलिस कर्मियों की नियुक्ति होनी है। एटीएस में कार्य करने हेतु इच्छुक पुलिस कर्मी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में प्रत्येक पुलिस कर्मी द्वारा अपनी नियुक्ति हेतु विकल्प के रूप में तीन, यूनिट / जनपद (गृह जनपद को छोड़कर) का नाम देना होगा।

<u>नियुक्ति प्रक्रिया</u>: इच्छुक कर्मी अपना आवेदन controlroom.ats-up@gov.in पर भेजें, shortlisted आवेदकों का ऑनलाइन साक्षात्कार तथा एटीएस मुख्यालय, लखनऊ में साक्षात्कार / परीक्षा होगी। चयनित कर्मियों को 30 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए एटीएस मुख्यालय, लखनऊ में OSD के रूप में सम्बद्ध किया जाएगा, प्रशिक्षण के विभिन्न चरणों में सफल हुए कर्मियों की नियुक्ति होगी।

<u>आवश्यक योग्यता</u>: एटीएस को पुलिस के विभिन्न कार्यों में दक्ष एवं कुशल पुलिस कर्मियों (जिनकी न्यूनतम सेवा 06 वर्ष हो तथा अधिकतम आयु 45 वर्ष हो) की आवश्यकता है – विवेचक, थाना मुंशी, पेशी स्टाफ, पैरोकार, कोर्ट मोहर्रिर, CDR Analyst, Social Media Analyst, Cyber Investigator, फोटोग्राफर, जो तकनीकी रूप से तेज़ हों, छद्मवेश धारण करने की काबिलियत, भाषा ज्ञान (अंग्रेजी, क्षेत्रीय भारतीय भाषाएँ, उर्दू, अरबी) रखने वाले, इन्ट्रोगेशन में कुशल व रिसर्च करने की क्षमता हो।

<u>पद</u>: निरीक्षक से आरक्षी तक (महिला व पुरुष कर्मी) व लिपिक।

<u>नियुक्ति स्थान</u>: लखनऊ, मेरठ, गौतमबुद्ध नगर, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, सहारनपुर, बरेली, कानपुर, अयोध्या, प्रयागराज, झाँसी, गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी, बहराइच, श्रावस्ती। (गृह जनपद को छोड़कर)

उत्साहवर्धन: 30% जोखिम भत्ता - अधिकतम रु 9,300/- (निरीक्षक रैंक)

** आवेदन-पत्र डाउनलोड हेतु – <u>https://uppolice.gov.in</u> → Police Unit → Anti-Terrorist Squad → (ATS) → Join ATS*

https://uppolice.gov.in/pages/en/topmenu/police-units/anti-terrorist-squad-(ats)/en-recruitement-ats

UTTAR PRADESH
UP ATS
ANTI-TERROR SQUAD